
खबरों में रहे स्टॉक




वेलस्पन कॉर्प



तेल-गैस निर्यात परियोजनाओं के लिए पाइप आपूर्ति के वास्ते 1,400 करोड़ का ऑर्डर मिला

₹ 1,619.6 पिछला बंद भाव
₹ 1,679.9 आज का बंद भाव
3.7 % ▲


नैटको फार्मा



एडकॉक इंग्राम होल्डिंग में अतिरिक्त 13.25% हिस्से का अधिग्रहण पूरा किया

₹ 979.7 पिछला बंद भाव
₹ 971.9 आज का बंद भाव
-0.8 % ▼


गोदावरी पावर ऐंड इस्पात



छत्तीसगढ़ में लौह अयस्क पेलेट संयंत्र में कामकाज अस्थायी रूप से रोका

₹ 256.4 पिछला बंद भाव
₹ 252.0 आज का बंद भाव
-1.7 % ▼

वनसोर्स स्पेशलिटी फार्मा



बायोसिमिलर के लिए फॉर्मिकॉन एजी के साथ रणनीतिक साझेदारी की

₹ 1,671.7 पिछला बंद भाव
₹ 1,649.1 आज का बंद भाव
-1.3 % ▼

सिग्मा एडवांस्ड सिस्टम्स



ब्रिटेन की ब्रॉमफोर्ड प्रिसिजन सॉल्यूशंस का 153 करोड़ रुपये में अधिग्रहण किया

₹ 583.2 पिछला बंद भाव
₹ 573.9 आज का बंद भाव
-1.6 % ▼

संक्षेप में

वेदांत करेगी 5 अरब डॉलर का निवेश

वेदांत के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कंपनी की महत्त्वाकांक्षी वृद्धि की रूपरेखा पेश करते हुए मंगलवार को कहा कि कंपनी जस्ता एवं सीसा का उत्पादन लगभग तीन गुना, चांदी का उत्पादन दोगुना करेगी और लीथियम तथा दुर्लभ खनिज तत्वों सहित महत्त्वपूर्ण व रणनीतिक खनिजों की खोज में तेजी लाएगी। साथ ही, तेल एवं गैस कारोबार के विस्तार के लिए पांच अरब डॉलर का निवेश करेगी। अग्रवाल ने वेदांत लिमिटेड की 61वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में वेदांत अनलिमिटेड दृष्टिकोण पेश किया। उन्होंने कहा कि कंपनी 2031 तक जस्ता और सीसा का उत्पादन बढ़ाकर लगभग 30 लाख टन करने, चांदी का उत्पादन दोगुना कर 1,500 टन तक पहुंचाने तथा इस दशक के अंत तक तांबा उत्पादन बढ़ाकर 10 लाख टन करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि फेरोक्रोम की उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2027-28 तक बढ़ाकर पांच लाख टन की जाएगी और निकल का उत्पादन बढ़ाकर 60,000 टन किया जाएगा। *बीएस*

परमाणु ऊर्जा की योजना में नवीन जिंदल समूह

नवीन जिंदल समूह गुजरात और ओडिशा सहित कम से कम नौ राज्यों में उच्च क्षमता वाली परमाणु ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए विभिन्न स्थानों का आकलन कर रहा है। मामले से परिचित समूह के अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि समूह परमाणु ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं तलाशने के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ भी बातचीत कर रहा है। ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति के तहत समूह करोड़ों रुपये के निवेश से 18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) क्षमता के परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रहा है। साथ ही वह वर्ष 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा क्षमता के सरकार के महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य में योगदान देना चाहता है। *भाषा*

पहली छमाही के दौरान ई-दोपहिया बाजार में पुरानी कंपनियों का दबदबा बरकरार

ईवी : टीवीएस, बजाज, एथर और हीरो आगे, ओला हुई पीछे

सोहिनी दास
मुंबई, 14 जुलाई

देश का इलेक्ट्रिक दोपहिया बाजार तेजी से स्थापित वाहन कंपनियों के पक्ष में होता जा रहा है। साल 2026 की पहली छमाही के दौरान टीवीएस मोटर, बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प के साथ-साथ ईवी पर केंद्रित एथर एनर्जी ने उद्योग के पंजीकरण में लगभग 96 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि एथर को छोड़कर ईवी बनाने वाली ज्यादातर नई कंपनियां काफी कम हिस्सेदारी हासिल कर पाईं। दूसरी ओर पहले बाजार में अग्रणी रही ओला इलेक्ट्रिक की हिस्सेदारी सालाना आधार पर लगातार घटती रही।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के आंकड़ों के अनुसार जनवरी-जून 2026 के दौरान इलेक्ट्रिक दोपहिया का पंजीकरण पिछले साल की इसी अवधि में दर्ज 6,33,599 के मुकाबले 53.3 प्रतिशत बढ़कर 9,70,993 हो गया। 3,37,394 वाहनों की इस शुद्ध वृद्धि में टीवीएस, बजाज, एथर और हीरो ने मिलकर 3,22,621 वाहनों यानी 95.6 प्रतिशत का योगदान दिया।

इसके परिणामस्वरूप बाजार में उनकी संयुक्त हिस्सेदारी साल 2025 की पहली छमाही में दर्ज 66.6 प्रतिशत के मुकाबले बढ़कर साल 2026 की पहली छमाही में 76.7 प्रतिशत हो गई। इससे पता चलता है कि बड़े स्तर, स्थापित ब्रांडों और विस्तृत वितरण व सर्विस नेटवर्क वाले कुछ विनिर्माताओं ने इस वृद्धि पर लगातार अपना दबदबा बना रखा है।

ये आंकड़े ईवी पर केंद्रित कंपनियों के बीच बढ़ते अंतर को भी उजागर करते हैं। एथर ने अपनी स्थिति को और मजबूत किया। इसके पंजीकरण सालाना आधार पर 91.1 प्रतिशत बढ़कर 1,69,020 हो गए जबकि बाजार हिस्सेदारी 14 प्रतिशत से बढ़कर 17.4 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर इस क्षेत्र में पहले कदम रखने वाली कई अन्य नई कंपनियों का प्रदर्शन उद्योग के तेजी से बढ़ने के बावजूद सीमित रहा। आंकड़ों से पता चलता है कि रिवर ने कम आधार से आगे बढ़ोतरी जारी रखी, लेकिन ओकिनावा, हीरो इलेक्ट्रिक और एम्पीयर जैसी कंपनियों की संयुक्त हिस्सेदारी पहली छमाही के पंजीकरण की एक प्रतिशत से भी काफी कम रही। इससे जाहिर होता है कि बाजार की वृद्धि कुछ स्थापित विनिर्माताओं और एथर के बीच तेजी से केंद्रित होती जा रही है।

ओला की रफ्तार उलटी रही। इस छमाही के दौरान इसके पंजीकरण पिछले साल के मुकाबले 44.1 प्रतिशत घटकर 65,999 रह गए। इससे कंपनी की हिस्सेदारी 18.6 प्रतिशत से घटकर 6.8 प्रतिशत रह गई।

पंजीकरण की मौजूदा रफ्तार में भी यह अंतर स्पष्ट दिखता है। साल 2026 की पहली छमाही के दौरान ओला ने औसतन लगभग 11,000 ई-दोपहिया का मासिक पंजीकरण किया, जबकि कैलेंडर वर्ष 2025 में यह आंकड़ा लगभग 17,000 वाहन प्रति माह था। रफ्तार की इस मौजूदा दर के हिसाब से कंपनी साल 2026 में लगभग 1,32,000 वाहनों का पंजीकरण करेगी, जो पिछले साल बेचे गए 2,04,527 वाहनों की तुलना में लगभग 35 प्रतिशत कम है। इसके विपरीत साल 2026 की पहली छमाही में उद्योग का प्रति माह का औसत लगभग 1,62,000 पंजीकरण है। इससे यह कैलेंडर वर्ष 2025 की तुलना में लगभग 45 प्रतिशत अधिक यानी 19.4 लाख वाहनों के साथ पटरी पर है।

पहली छमाही में ई-दोपहिया कंपनियों ने बेचे वाहन

कंपनी	2025 की पहली छमाही	2026 की पहली छमाही	बदलाव प्रतिशत में
टीवीएस मोटर कंपनी	1,51,707	2,51,438	65.7
बजाज ऑटो	1,47,407	2,18,089	48.0
एथर एनर्जी	88,453	1,69,020	91.1
हीरो मोटोकॉर्प	34,378	1,06,019	208.4
ओला इलेक्ट्रिक टेक्नॉ.	1,18,032	65,999	-44.1
ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी	26,029	43,805	68.3
रिवर मोबिलिटी	5,596	21,508	284.3

स्रोत : फाडा रिसर्च

सिंगापुर में बैजू रवींद्रन को जेल की सजा बरकरार

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 14 जुलाई



सिंगापुर के हाईकोर्ट ने बैजूस के संस्थापक बैजू रवींद्रन की छह महीने की जेल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। इसका मतलब है कि अगर ऑनलाइन शैक्षणिक स्टार्टअप के संस्थापक रवींद्रन सिंगापुर लौटते हैं तो उन्हें जेल जाना पड़ सकता है। यह जानकारी ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में दी गई है।

9 जुलाई को अदालत ने रवींद्रन की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने अपनी सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। अदालत ने उन्हें अवमानना के मामले में मई में छह महीने की जेल की सजा सुनाई थी। हालांकि, जून में अगली सुनवाई तक इस सजा पर अस्थायी रोक लगा दी गई थी। यह फैसला रवींद्रन के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। एक शिक्षक रवींद्रन ने ऑनलाइन शिक्षा कंपनी थिंक ऐंड लर्न प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की थी जिसे बैजूस के नाम से जाना जाता है। यह कंपनी एक समय भारत के सबसे सफल स्टार्टअप में गिनी जाती थी और रवींद्रन अरबपति बन गए थे। लेकिन कंपनी के तेजी से विस्तार, वित्तीय और कॉरपोरेट संचालन से जुड़ी खामियों के आरोपों के बाद आखिरकार उसका कारोबार औंधे मुंह गिर गया।

रवींद्रन ने मई में आए फैसले के खिलाफ सिंगापुर के सुप्रीम कोर्ट की शीर्ष अदालत, कोर्ट ऑफ अपील में अपील दायर की है।

इस मामले में रवींद्रन के वरिष्ठ मुकदमा सलाहकार जे. माइकल मैकनट ने कहा कि इस मामले में कोई नया या महत्वपूर्ण घटनाक्रम नहीं हुआ है। पेरिस में मौजूद अंतरराष्ट्रीय कानून फर्म, लजारेफ ले बार्स के जरिए रवींद्रन और बैजूस का प्रतिनिधित्व कर रहे मैकनट ने बताया कि 9 जुलाई को सिंगापुर हाईकोर्ट ने 25 मई 2026 के अवमानना आदेश पर रोक लगाने की याचिका खारिज कर दी थी।

मैकनट के मुताबिक, अदालत ने याचिका इसलिए खारिज की क्योंकि उसका समय उचित नहीं था। इसका मतलब यह नहीं है कि अदालत ने अपील के कानूनी आधार को खारिज कर दिया है।

मैकनट ने कहा, 'रवींद्रन फिलहाल सिंगापुर में नहीं हैं। यह भी तय नहीं है कि वे कब या क्या भविष्य में सिंगापुर जाएंगे। इसलिए अदालत ने माना कि फिलहाल उसके सामने फैसला सुनाने के लिए कोई तत्काल मुद्दा नहीं है।

KINETIC TRUST LIMITED
CIN: L67120PB1992PLC012532
Regd. Off: 527 R, City Tower, 2nd Floor, Model Town, Ludhiana, Punjab-141002.
Corporate Off: 1406,Vikram Tower, 16,Rajendra Place, New Delhi-110008.
Tel: 011-66402000-4, Fax: 25860460; Email: info@ktl.co.in Website: www.ktl.co.in

NOTICE OF THE 34 TH ANNUAL GENERAL MEETING

NOTICE is hereby given that the 34 th Annual General Meeting of the members of the Company willbe held on Friday, 07 th August, 2026 at 01:00 P.M. (IST) at Flat No 4, 1st Floor, Khurana Complex, Kochar Market Chowk, Ludhiana, Punjab – 141002, to transact the following businesses:

Resolution No.1: To Consider and Adopt the Audited Financial Statements for the financial year 2025-26
Resolution No.2: To Approve the Reappointment of Director
Resolution No.3: To Regularize the appointment of Additional Director, Mr. Sumit Kumar Jha (DIN: 10547500) as a Non-Executive & Independent Director of the Company
Resolution No.4: To approve increase in Authorized Share Capital of the Company and consequential amendment in Memorandum of Association of the Company
Resolution No.5: To approve Issuance of upto 60,00,000 Warrants convertible into Equity Shares to the persons belonging to Non-Promoter category on Preferential basis

In compliance with MCA General Circular No. 20/2020 dated 5th May, 2020 read with General Circular No. 17/2020 dated 13th April, 2020 and SEBI Circular No. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 dated 12th May, 2020 and owing to the difficulties involved in dispatch of physical copies, the Notice of Annual General Meeting (AGM) is being sent in electronic mode to the Members whose e-mail addresses are registered with the Company or the Depository Participant(s). Members may note that this Notice will also be available on the Company's website viz. www.ktl.co.in and the website of the Stock exchanges at www.bseindia.com and on the website of National Securities Depository Limited (NSDL) (agency for providing remote e-voting facility), i.e. www.evoting.nsdl.com. The R&T agent of the company is M/s Skyline Financial Services Private Limited. M/s C Gaur & Associates, Company Secretaries, have been appointed as scrutinizers to scrutinize the remote e-voting process and voting in the AGM in a fair and transparent manner.

The voting period begins on Tuesday, 04th August, 2026 at 09:00 A.M. and ends on Thursday, 06th August, 2026 at 05:00 P.M. During this period shareholders of the Company, holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date (record date) of Friday, 31st July, 2026 may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by NSDL for voting thereafter.

If you have any queries or issues regarding attending the AGM and e-Voting from the NSDL e-Voting System, you can write an email to evoting@nsdl.com.

Place: Delhi
Date: 13-07-2026

For and behalf of Kinetic Trust Limited
Sd/-
Rajesh Arora
Director
DIN: 00662396

कब्ज़ा सूचना

(अचल संपत्ति हेतु)

जब कि,

इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (आईएसएआरसी) (CIN: U67190MH2008 PLC181062) प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनांशियल असेट्स एंड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट ऐक्ट, 2002 के अंतर्गत और नियम 3 के साथ धारा 13(12) के साथ सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, 2002 के साथ पढ़ते हुए प्राप्त अधिकारों का उपयोग करके कर्जदार **इरशाद खान प्रोप्राइटर न्यू खान डोर्स और ऊष्मा** को **10.03.2026** की सूचना में वर्णन के अनुसार **कर्ज खाता नं. HLLAKAR00497216** की राशि **रू. 11,92,864/- (रूपये ग्यारह लाख बानवे हजार आठ सौ चौसठ मात्र)** और **28.02.2026** के अनुसार उस पर ब्याज उक्त सूचना की प्राप्ती की तारीख से स्पष्ट 60 दिनों के भीतर चुकता करने का आवाहन करते हुए अभियाचना सूचना जारी की थी।

धनराशि चुकता करने में कर्जदारों के असफल रहने पर एतद्द्वारा कर्जदार और सर्व सामान्य जनता को सूचना दी जाती है कि, अधोहस्ताक्षरी ने उक्त कानून की धारा 13 की उप-धारा 4 के साथ उक्त कानून के नियम 8 के तहत सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेंट) रूल्स, **2002** के तहत प्राप्त अधिकारों का कार्यान्वयन करके **10.07.2026** को संपत्ति पर **सांकेतिक आधिपत्य** कर लिया है।

विशेषत: कर्जदारों(ओं) और सामान्यत: जनता को एतद्द्वारा संपत्ति के साथ सौदा नहीं करने के लिए सावधान किया जाता है और संपत्ति के साथ कोई भी सौदा राशि **रू. 11,92,864/- (रूपये ग्यारह लाख बानवे हजार आठ सौ चौसठ मात्र) 28.02.2026** के अनुसार और उस पर ब्याज के साथ **इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड** के आधीन होगा।

उधारकर्ताओ का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के अन्तर्गत संपत्ति / संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए उपलब्ध समय की ओर आमंत्रित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

प्लॉट नं. 31 के हिस्से पर घर, माप पूर्व से पश्चिम 60 फीट, उत्तर से दक्षिण 11.2 फीट, 74.33 स्क्वे.यार्डस यानी 2 ½ मरला का एरिया, 24 कनाल-19 मरला में से 5/998 हिस्सा होने के नाते, 140 स्क्वे. फीट का कवर्ड एरिया, खेवट नं. 73 में शामिल, खतौनी नं. 93, कित्ता-5, खेरी मारकंडा पर स्थित, तहसील, थानेसर, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा से घिरा हुआ:-

पूर्व : प्लॉट के अन्य मालिक
पश्चिम : 20 फ़ीट चौड़ी गली
उत्तर : प्लॉट नं. 31-ए का हिस्सा
दक्षिण : प्लॉट नं. 30

सही/-
दिनांक : 10.07.2026 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थान : कुरुक्षेत्र **इंडिया एसएमई एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड**
आईएसएआरसी-2025-2026-5 ट्रस्ट के ट्रस्टी के के रूप में कार्यरत

90% इंजीनियरिंग स्नातक एआई के जानकार: नैसकॉम

देश में प्रौद्योगिकी प्रतिभा में शुरुआती करियर वाले लोगों में से लगभग 90 प्रतिशत या तो आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में नेटिव (पहले से ही एआई के जानकार) हैं या उसमें पारंगत हैं। नैसकॉम की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार इससे एंटरप्राइज एआई अपनाने के अहम घटक का पता चलता है, भले ही पिछले कुछ वर्षों में यह उम्मीदों से पीछे रह गई हो।

इस अध्ययन में 11 पैमानों पर एआई नेटिव क्षमताओं का आकलन किया गया है। इनमें एआई पर निर्भरता, कुशलता, तालमेल बिठाना, सृजन, निर्णय लेना, सोचने-समझने की आजादी, तकनीकी जानकारी, सीखना, बुनियादी क्षमता, एआई के बल पर उत्पादकता और एआई का जिम्मेदारी से इस्तेमाल शामिल है। अध्ययन में कंप्यूटर साइंस और उससे जुड़े विषयों के इंजीनियरिंग के आखिरी साल के छात्र और तीन साल तक के अनुभव वाले तकनीकी पेशेवर शामिल किए गए हैं। *बीएस*

गूगल ने बढ़ाया भारत पर एआई दांव

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 14 जुलाई

गूगल ने भारत को आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के अगले बड़े दौर के लिए तैयार करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। इसी मकसद से कंपनी ने मंगलवार को कई नए सुरक्षा फीचर, ऑन-प्रिमाइस एआई कंप्यूटिंग विकल्प और एआई शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों की घोषणा की। इसका मकसद देश के उद्यमों, डेवलपर और स्टार्टअप को नए दौर के लिए तैयार करना है क्योंकि अब एआई सिर्फ सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कई काम अपने आप करने में भी सक्षम होगा।

बेंगलूरु में आयोजित गूगल आई/ओ कनेक्ट इंडिया 2026 कार्यक्रम में कंपनी ने यह भी बताया कि तीसरे पक्ष के आकलन के अनुसार वर्ष 2025 में भारत में गूगल प्ले और एंड्रॉयड तंत्र ने ऐप डेवलपर और देश की अर्थव्यवस्था के लिए करीब 5.3 लाख करोड़ रुपये के राजस्व पैदा किया। यह आंकड़ा 2024 के मुकाबले 28 फीसदी ज्यादा है।



तकनीक को बढ़ावा

- कई नए सुरक्षा फीचर, ऑन-प्रिमाइस एआई कंप्यूटिंग विकल्प और एआई शिक्षा से जुड़े कार्यक्रमों का किया ऐलान
- उद्यमों, डेवलपर और स्टार्टअप को नए दौर के लिए तैयार करना है इसका मकसद

गूगल डीपमाइंड में भारत और एशिया-प्रशांत (एपीएसी) के वरिष्ठ निदेशक डॉ. मनीष गुप्ता ने कहा कि एआई की असली सफलता केवल उसके मॉडल के स्तर से नहीं बल्कि लोगों और समाज में आने वाले सकारात्मक बदलाव से तय होती है। कार्यक्रम के दौरान गूगल ने भारत में एआई शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो नई पहल भी शुरू कीं। इनका उद्देश्य देश में एआई शोध, डेवलपर और शिक्षण से जुड़े नए विशेषज्ञ तैयार करना है।

इनमें से एक पहल के तहत गूगल डीपमाइंड का 'एआई रिसर्च फाउंडेशंस' पाठ्यक्रम उपलब्ध कराया जाएगा। यह 56 घंटे का मुफ्त ऑनलाइन कोर्स है, जिसमें प्रतिभागियों को लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) तैयार करने, उन्हें बेहतर बनाने और अत्याधुनिक एआई शोध करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गूगल डीपमाइंड ने अटल इनोवेशन मिशन के साथ मिलकर 'एटीएल साथी' नाम का एक नया एआई असिस्टेंट लॉन्च किया है। यह जेमिनाई आधारित वेब टूल है, जिसे शिक्षकों की मदद के लिए तैयार किया गया है। कंपनी के मुताबिक, इस साल इसे 100 स्कूलों में शुरू किया जाएगा। आगे चलकर इसे अटल टिंकरिंग लैब्स से जुड़े 10,000 स्कूलों तक पहुंचाने की योजना है।

गूगल ने बताया कि एम्स दिल्ली के अनुसंधानकर्ता उसके ओपन-सोर्स मेडजेम्मा एआई मॉडल का इस्तेमाल कर भारत की जरूरतों के हिसाब से नए एआई टूल तैयार कर रहे हैं। इनका इस्तेमाल कुष्ठ रोग और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं में मदद के लिए किया जाएगा।

गूगल ने अपने जेमिनाई लाइव फीचर का दायरा भी बढ़ा दिया है। अब यह संस्कृत, भोजपुरी और मैथिली समेत 25 भारतीय भाषाओं और बोलियों में मददगार होगा।

भारतीय डाक के कारोबार में 22 फीसदी तेजी

भारतीय डाक ने पहली तिमाही में अपने इतिहास की सबसे अधिक आय दर्ज की है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को बताया कि विभाग की पहली तिमाही की आय 4,000 करोड़ रुपये से अधिक रही, जो पिछले वर्ष की तुलना में 22 फीसदी अधिक है।

पहली तिमाही के लिए विभाग का लक्ष्य 4,951 करोड़ रुपये था जिसमें से 81 फीसदी लक्ष्य हासिल कर लिया गया। आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले डाक सर्किल रहे। भारतीय डाक के छह प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में, डाक, पार्सल, डाक जीवन बीमा/ग्रामीण डाक जीवन बीमा, पोस्ट ऑफिस बचत बैंक, अंतरराष्ट्रीय संबंध और वैश्विक कारोबार तथा नागरिक केंद्रित सेवाओं में सबसे अधिक सालाना वृद्धि नागरिक केंद्रित सेवाओं में दर्ज की गई जो 86 फीसदी रही। *बीएस*

मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड
कॉर्पोरेट कार्यालय: मोतीलाल ओसवाल टॉवर, रहीमतुल्ला सयानी रोड, परेल एसटी डिपो के सामने, प्रभादेवी, मुंबई-400025, सीएस : 82918898898
वेबसाइट : www.motilaloswalhf.com, ईमेल: hfquery@motilaloaswal.com

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए 30 दिनों की ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से कर्जदारों/गारंटरों/बंधककर्ताओं को नोटिस दिया जाता है कि मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले **एस्पायर होम फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड** के नाम से जाना जाता था) के पास गिरवी नीचे वर्णित संपत्ति प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित सरफैसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कायम और आगे के ब्याज, शुल्क और लागत आदि की वसूली के लिए **"जैसा है जहां है", "जो भी है वही है" और "जो भी है वहीं है" के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी"** के माध्यम से नीचे दिए गए विवरण के अनुसार वेबसाइट **motilaloswalhf.com** के माध्यम से बेची जाएगी :

ई-नीलामी की तिथि तथा समय : तिथि : 20-08-2026 को 11:00 बजे पूर्वा. से 02:00 बजे अप. (प्रत्येक 15 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)
ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि : 19.08.2026

कर्जदार/गारंटर/ऋण खाता	मांग सूचना की तिथि तथा राशि	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य, ईएमडी/ ईएमडी की अन्तिम तिथि
लैन: LXMOROHTAK5422 230664515 शाखा: रोहतक कर्जदार: श्याम लाल सह-कर्जदार: फूला बाई	17-02-2026 **रु. 11,38,302/- (रुपये ग्यारह लाख अड़तीस हजार तीन सौ दो मात्र) के लिए**	सम्पत्ति खेवट नं. 3997, खतौनी नं. 4563, किला नं. 253/9/2 (2-18), गोहाना गांधी नगर में, गोहाना निकट गीता स्कूल, हरियाणा, सोनीपत	**आरक्षित मूल्य: रु. 12,28,470/- (रुपये बारह लाख अट्ठाईस हजार चार सौ सत्तर मात्र) / ईएमडी: रु. 1,22,847/- (रुपये एक लाख बाईस हजार आठ सौ सैंतालीस मात्र)**

1. यह नीलामी बोली दस्तावेज के अन्य नियमों और शर्तों के अनुसार, और उसमें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता बोली संबंधी जानकारी और सहायता के लिए, ई-नीलामी के लिए रखी गई प्रतिभूत संपत्ति के विवरण के लिए, और ऑनलाइन जमा किए जाने वाले बोली फॉर्म के लिए, हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता, मैसर्स क्रेडेसॉल्यूशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के वेब पोर्टल: **credauction.com** देख सकते हैं। इच्छुक खरीदार उसी पोर्टल पर नीलामी के नियमों और शर्तों तथा प्रक्रिया को देख सकते हैं, और सोनू सिंह भाटी 8097588359 एवं रंदीप 9896733870 से संपर्क कर सकते हैं (इनके विवरण ऊपर बताए गए वेब पोर्टल पर उपलब्ध हैं), और उनके केंद्रीकृत हेल्प डेस्क: + 91 9137100020, ई-मेल आईडी: **balram@credsolv.com** पर भी संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: हरियाणा/दिनांक : 15.07.2026
हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व की एस्पायर होम फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड)

अनुवाद में त्रुटि या विसंगति होने पर अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

मायलन ने बायोकॉन में बेची पूरी 5.64% हिस्सेदारी

अंजलि सिंह और सुंदर सेतुरामन
मुंबई, 14 जुलाई

बेंगलूरु की दवा कंपनी बायोकॉन के शेयरों में मंगलवार को बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर करीब 6.5 फीसदी उछाल आई। इसकी वजह यह खबर रही कि वायाट्रिस की सहयोगी कंपनी मायलन ने बायोकॉन में अपनी हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिए बेच दी।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, मायलन ने बायोकॉन में अपनी पूरी 5.64 फीसदी की हिस्सेदारी करीब 3,679 करोड़ रुपये में बेच दी। मार्च 2026 तक कंपनी के पास बायोकॉन में 5.64 फीसदी हिस्सेदारी थी।

इस ब्लॉक डील में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्युचुअल फंड, एचडीएफसी म्युचुअल फंड, कोटक महिंद्रा म्युचुअल फंड और मॉर्गन स्टैनली एशिया सिंगापुर जैसे बड़े निवेशकों ने शेयर खरीदे।

बाजार के जानकारों के मुताबिक, यह सौदा इसलिए संभव हुआ क्योंकि जिन शेयरों के बदले मायलन को बायोकॉन बायोलॉजिक्स के पुराने सौदे में हिस्सेदारी मिली थी, उन पर लगी लॉक-इन अवधि अब खत्म हो चुकी थी। इसलिए मायलन ने अपने निवेश को भुनाने का फैसला किया।

आशिका इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स की शोध विश्लेषक निराली शाह ने कहा कि मायलन की हिस्सेदारी बेचना बायोकॉन के पुनर्गठन की प्रक्रिया का सामान्य हिस्सा है। उनके मुताबिक, लॉक-इन अवधि खत्म होने के बाद निवेश को भुनाना पूंजी प्रबंधन का सामान्य फैसला होता है।

उन्होंने कहा कि इस सौदे का बायोकॉन के कारोबार या भविष्य की वृद्धि संभावनाओं से कोई संबंध नहीं है। अब जब लंबे समय से शेयर बिक्री की आशंका खत्म हो गई है, तब निवेशकों का ध्यान फिर से कंपनी के असली कारोबार और उसके प्रदर्शन पर रहेगा।

विश्लेषकों का यह भी मानना है कि इस हिस्सेदारी बिक्री से बायोकॉन बायोलॉजिक्स और वायाट्रिस के बीच कारोबारी रिश्तों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दोनों कंपनियां बायोसिमिलर के कारोबार में पहले की तरह साथ काम करती रहेंगी।

चंडीगढ़ संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा सी/ओ आइडिया को वर्किंग, तृतीय तल, एस.सी.ओ 32, 33, 34 सेक्टर-17-सी, चंडीगढ़-160017 से प्रकाशित एवं तन्मय महेश्वरी, इम्प्रेशंस प्रिंटिंग ऐंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं.-22, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-2, पंचकूला-134115, हरियाणा से मुद्रित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. CHAHIN/2008/24509 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
स्वामित्व : बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, नेहरू हाउस, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें - सुश्री मानसी सिंह, हेड-कस्टमर रिलेशन्स। बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पीबी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल : subs_bs@bsmail.in या 57575 पर REACHBS एसएमएस करें। कोई हवाई अधिभार नहीं